क्या क्या बात बताये | By Kapish Agarwal

खाटू नगरी जाकर देखो कितनो के काम बनाये

श्याम धणी का है ये द्वार
बनते जहाँ पर बिगड़े काम
हार किसी की होती नहीं
हारे के हैं बाबा श्याम

खाटू नगरी जाकर देखो कितनो के काम बनाये
क्या नहीं देता क्या नहीं करता क्या क्या बात बताये
खाटू नगरी जाकर देखो कितनो के काम बनाये

देखे एक नज़र से ये नज़रे रखे सबपे
कौन है सच्चा प्रेमी जो नीर बहाये दर पे
चौखट पर रोकर देखो ये तेरे भाग्य जगाये
खाटू नगरी जाकर देखो कितनो के काम बनाये

दूर खड़ा एक प्रेमी टप टप नीर बहाये
अपने मन की पीड़ा मन ही मन वो सुनाये
विश्वास अडिग है उसका मेरा बाबा लाज बचाये
खाटू नगरी जाकर देखो कितनो के काम बनाये

लाखों लाखों प्रेमी शीश झुकाये दर पे
आँखों ही आँखों से ये काम बनाये सबके
खुशी हाथ नहीं है इनके पर दोनों हाथ लुटाये
खाटू नगरी जाकर देखो कितनो के काम बनाये

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%a4-%e0%a4%ac%e0%a4%a4%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87-by-kapish-agarwal/